भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 2711**

उत्तर देने की तारीख - 09/03/2026

**ओडिशा के आकांक्षी जिलों में एनईपी 2020 का त्वरित कार्यान्वयन**

†2711. **श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू किए जाने के बाद से ओडिशा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत जनजातीय और आकांक्षी जिलों में अवसंरचना उन्नयन, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं, आईसीटी प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम, शिक्षक प्रशिक्षण और आवासीय या छात्रावास सुविधाओं सहित वर्ष-वार क्या प्रगति हुई है;

(ख) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ओडिशा में उक्त योजना के अंतर्गत जिला-वार कितनी धनराशि आवंटित, जारी और व्यय की गई;

(ग) भारतीय भाषा पुस्तक योजना के अंतर्गत ओडिशा में पाठ्यपुस्तकों, डिजिटल विषय-वस्तु और शिक्षक सहायता सामग्री सहित उड़िया भाषा और जनजातीय बोलियों को बढ़ावा देने के लिए क्या विशेष कार्य किए गए हैं; और

(घ) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा में नामांकन, बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी, अधिगम परिणामों और उच्च शिक्षा में परिवर्तन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के दायरे में आते हैं। समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत, राज्य सरकार को उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर राज्य द्वारा तैयार की गई वार्षिक योजनाओं के अनुसार सहायता दी जाती है और यह उनके संबंधित वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपीएंडबी) प्रस्तावों में परिलक्षित होता है, जिनका बाद में

परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में राज्य के साथ परामर्श से योजना के कार्यक्रमात्मक और वित्तीय मानदंडों के अनुसार तथा अनुमोदित मध्यवर्तनों के लिए राज्य की भौतिक और वित्तीय प्रगति के आधार पर मूल्यांकन और अनुमोदन किया जाता है।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) माननीय प्रधान मंत्री द्वारा जनवरी 2018 में देश भर के 112 सबसे अधिक अविकसित जिलों को त्वरित और प्रभावी तरीके से विकसित करने के लिए शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम अभिसरण (केन्द्रीय और राज्य योजनाओं का), सहकार्य (केन्द्रीय, राज्य, प्रभारी अधिकारियों और जिला कलेक्टरों का) और जिलों के बीच प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों पर आधारित है।

एडीपी के तहत ओडिशा में दस जिले नामत: बलांगीर, ढेंकनाल, गजपति, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाड़ा और रायगडा हैं।

इन जिलों में मध्यवर्तन मौजूदा योजनाओं जैसे समग्र शिक्षा और पीएम श्री स्कूल योजना के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं। ओडिशा राज्य में बुनियादी स्कूल अवसंरचना का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक I** में है।

(ख): पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ओडिशा में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत आवंटित, जारी तथा व्यय की गई निधियों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक- II** में दिया गया है।

(ग): ओडिशा राज्य सरकार द्वारा यथासूचित, एनईपी 2020 के अनुरूप मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के तहत ओडिया लिपि का उपयोग करके 21 जनजातीय भाषाओं (संथाली, सौरा, कोया, कुई, कुवी, किशन, ओरम, मुंडा, जुआंगा, बोंडा, गदाबा, हो, गोंडी, परोजा, खरिया, डिडयी, भिंझल, भुइयां, भूमिया, भत्रा और भुंजिया) में शिशुवाटिका कार्यपुस्तिका तैयार की गई है।

(घ): ओडिशा राज्य सरकार द्वारा यथासूचित, राज्य ने स्कूल छोड़ने वालों की संख्या को कम करने और छात्रों को स्कूल में बनाए रखने में सुधार हेतु एक बहुआयामी और सतत दृष्टिकोण अपनाया है।

राज्य ने शिशु वाटिका को लागू किया है, जो एनईपी 2020 फ्रेमवर्क के तहत मूलभूत शिक्षा में एक परिवर्तनकारी कदम है, जिसमें औपचारिक कक्षा 1 में 6+ वर्ष की आयु में प्रवेश से पहले प्रत्येक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में एक समर्पित पूर्व-प्राथमिक वर्ष (5-6 वर्ष) शुरू किया गया है। 45,000 स्कूलों में कार्यान्वित और अपने पहले चरण में 3.1 लाख से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने वाले इस कार्यक्रम को जागरूकता पैदा करने और नामांकन का जश्न मनाने के लिए खड़ी छुंआ और प्रवेश उत्सव जैसे अभियानों द्वारा समर्थित किया गया

है। संरचित कार्यपुस्तिकाओं, गतिविधि-आधारित शिक्षाशास्त्र, साक्षरता-संख्याज्ञान किट और ओडिशा की प्रासंगिक जादू पेडी के साथ, यह पाठ्यक्रम आनंदमय, समावेशी अधिगम को बढ़ावा देता है।

आईआईटी मद्रास के तकनीकी सहयोग से दिनांक 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक एक व्यापक डोर-टू-डोर ओडिशा शिक्षा सर्वेक्षण (चाइल्ड ट्रैकिंग सर्वे) आयोजित किया गया था। सर्वेक्षण में 7-18 आयु वर्ग के 2.34 लाख स्कूल न जाने वाले बच्चों (ओएससी) को चिह्नित किया गया। इसके पश्चात, विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठकों, पदयात्राओं और शिक्षा सभाओं के माध्यम से बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए "आसा स्कूल जिबा" अभियान शुरू किया गया। दिनांक 28.01.2026 तक की स्थिति के अनुसार 71,594 बच्चों को पहले ही मुख्यधारा में शामिल किया जा चुका है। विकल्प आधारित अवसरों के लिए, ओओएससी और ड्रॉपआउट्स को साल भर प्रवेश और अनिवार्य संपर्क कार्यक्रमों के साथ स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एसआईओएस)/एनआईओएस के तहत नामांकित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, सुचारू शैक्षणिक परिवर्तन सुनिश्चित करने और पहुंच-संबंधी ड्रॉपआउट को कम करने के लिए 303 माध्यमिक विद्यालयों, 77 उच्च प्राथमिक विद्यालयों और 91 प्राथमिक विद्यालयों को स्तरोन्नत किया गया है।

दूरी और प्रवासन के कारण संकटपूर्ण स्थिति को दूर करने के लिए, दूरदराज और जंगली इलाकों के बच्चों को परिवहन और मार्गरक्षण सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे वर्ष 2024-25 में 23,127 छात्र लाभान्वित हुए। प्रवासन-प्रवण जिलों में मौसमी छात्रावासों का संचालन किया गया है, जिसमें वर्ष 2024-25 के दौरान 3,578 प्रवासी बच्चों को रखा गया और उन्हें मुख्यधारा में लाया गया।

324 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, जो निःशुल्क बोर्डिंग, शैक्षणिक सहायता, व्यवसायपरक प्रशिक्षण, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और मासिक धर्म स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करते हैं। 'बरनाली' पाठ्यक्रम, माध्यमिक छात्रों के लिए साइकिल, छात्रवृत्ति, निःशुल्क यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकें और पका हुआ गर्म भोजन जैसी लैंगिक समता पहलें छात्रों को स्कूलों में बनाए रखने में सहायक हैं। शहरी वंचितों के लिए, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय 12 जिलों में कार्यात्मक हैं, जिनमें वर्तमान में 1,303 बच्चे हैं। ओडिशा राज्य में पीएम जनमन के तहत 76 और डीएजेजीयूए योजना के तहत 40 छात्रावासों का अनुमोदन दिया गया है।

17 जिलों में 21 जनजातीय भाषाओं में बहुभाषी शिक्षा (एमएलई) ने जनजातीय ड्रॉपआउट्स को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुणवत्ता सुधार उपायों में एफएलएन मिशन (निपुण ओडिशा), अधिगम संवर्धन कार्यक्रम, स्मार्ट कक्षाएं, पीएम श्री स्कूल, दीक्षा के

माध्यम से डिजिटल सामग्री, शिक्षक क्षमता निर्माण और नियमित अभिभावक-शिक्षक बैठकें शामिल हैं। सचेतन रथ, प्रवेश उत्सव और त्रैमासिक राज्यव्यापी अभिभावक-शिक्षक बैठकों के माध्यम से सामुदायिक गतिशीलता ने स्कूल-सामुदायिक संबंधों को सुदृढ़ किया है।

दिसंबर, 2024 में आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण (पीआरएस) दर्शाता है कि कक्षा 3, 6 और 9 में सभी श्रेणियों में ओडिशा का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पीआरएस 2024 की रिपोर्ट https://parakh.ncert.gov.in/sites/default/files/2025-07/REPORT_India_IND.pdf पर उपलब्ध है।

कुल मिलाकर, इन समन्वित मध्यवर्तनों ने नामांकन, उपस्थिति और प्रतिधारण में काफी सुधार किया है, जिससे राज्य लगातार स्कूली शिक्षा के सार्वभौमिकरण की ओर बढ़ रहा है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**माननीय संसद सदस्य श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही द्वारा 'ओडिशा के आकांक्षी जिलों में एनईपी 2020 का त्वरित कार्यान्वयन' के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2711 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**ओडिशा राज्य में बुनियादी स्कूल अवसंरचना का ब्यौरा**

| **घटक** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|---|
| सरकारी स्कूल जिनके पास भवन हैं | 48750 | 48600 | 48532 | 48482 |
| विद्युत | 36642 | 44653 | 46527 | 46907 |
| पेयजल | 48313 | 48626 | 48541 | 48495 |
| रसोई शेड | 38996 | 44493 | 45714 | 45997 |
| खेल का मैदान | 15936 | 34640 | 38565 | 38969 |
| रैंप | 42217 | 45180 | 46804 | 47205 |
| हाथ धोने की सुविधा | 43579 | 46935 | 47546 | 47913 |
| आईसीटी प्रयोगशाला | 4203 | 6437 | 6437 | 8145 |
| स्मार्ट कक्षाएं | 2272 | 6736 | 6736 | 10513 |

**स्रोत: ओडिशा राज्य सरकार**

*****

**अनुलग्नक-II**

**माननीय संसद सदस्य श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही द्वारा 'ओडिशा के आकांक्षी जिलों में एनईपी 2020 का त्वरित कार्यान्वयन' के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2711 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**समग्र शिक्षा के तहत आवंटन, जारी राशि और व्यय का विवरण**

**रू. लाख में**

| क्र. सं. | जिला | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | जारी राशि | व्यय | आवंटन | जारी राशि | व्यय | आवंटन | जारी राशि | व्यय |
| 1 | अंगुल | 8,324.87 | 8,230.10 | 8,230.10 | 6,975.72 | 6,975.72 | 6,975.72 | 8,107.58 | 4,963.43 | 4,963.43 |
| 2 | बालासोर | 16,378.95 | 16,378.95 | 16,378.95 | 14,798.03 | 14,798.03 | 14,798.03 | 15,770.77 | 10,854.29 | 10,854.29 |
| 3 | बरगढ़ | 12,264.87 | 10,181.23 | 10,181.23 | 10,111.04 | 9,461.96 | 9,461.96 | 10,992.23 | 8,240.72 | 8,240.72 |
| 4 | बौद्ध | 5,738.18 | 5,071.33 | 5,071.33 | 4,812.59 | 4,812.59 | 4,812.59 | 13,971.86 | 9,003.34 | 9,003.34 |
| 5 | भद्रक | 11,338.87 | 9,013.13 | 9,013.13 | 9,608.89 | 9,608.89 | 9,608.89 | 21,263.92 | 13,589.16 | 13,589.16 |
| 6 | बोलांगीर | 18,002.00 | 14,872.52 | 14,872.52 | 16,950.16 | 16,950.16 | 16,950.16 | 7,222.01 | 4,243.08 | 4,243.08 |
| 7 | कटक | 11,155.15 | 10,424.11 | 10,424.11 | 9,464.40 | 9,464.40 | 9,464.40 | 10,626.66 | 8,336.38 | 8,336.38 |
| 8 | देओगढ़ | 4,352.21 | 3,697.68 | 3,697.68 | 3,747.42 | 3,747.42 | 3,747.42 | 5,116.73 | 3,937.31 | 3,937.31 |
| 9 | ढेंकानाल | 9,823.33 | 8,741.20 | 8,741.20 | 8,964.79 | 6,172.04 | 6,172.04 | 8,370.98 | 4,578.24 | 4,578.24 |
| 10 | गजपति | 9,927.41 | 8,028.02 | 8,028.02 | 9,341.87 | 6,687.44 | 6,687.44 | 9,066.41 | 5,952.60 | 5,952.60 |
| 11 | गंजाम | 26,833.74 | 21,521.87 | 21,521.87 | 19,707.88 | 17,873.61 | 17,873.61 | 23,381.82 | 15,502.97 | 15,502.97 |
| 12 | जगतसिंहपुर | 6,476.71 | 5,740.84 | 5,740.84 | 5,368.45 | 5,222.56 | 5,222.56 | 5,430.32 | 5,136.09 | 5,136.09 |
| 13 | जाजपुर | 11,660.06 | 10,228.03 | 10,228.03 | 10,442.75 | 10,442.75 | 10,442.75 | 10,691.82 | 9,543.75 | 9,543.75 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | झारसुगुड़ा | 3,224.80 | 3,224.80 | 3,224.80 | 3,384.09 | 3,241.98 | 3,241.98 | 5,117.73 | 3,288.97 | 3,288.97 |
| 15 | कालाहांडी | 18,988.07 | 15,654.81 | 15,654.81 | 18,238.48 | 15,091.85 | 15,091.85 | 25,520.10 | 17,144.37 | 17,144.37 |
| 16 | कंधमाल | 12,272.21 | 11,559.59 | 11,559.59 | 10,812.14 | 8,084.12 | 8,084.12 | 11,331.42 | 10,657.01 | 10,657.01 |
| 17 | केन्द्रापारा | 9,241.04 | 9,106.09 | 9,106.09 | 8,014.86 | 8,014.86 | 8,014.86 | 10,794.51 | 8,201.80 | 8,201.80 |
| 18 | केओन्झर | 15,772.73 | 6,024.62 | 6,024.62 | 13,516.35 | 13,516.35 | 13,516.35 | 14,447.63 | 11,213.50 | 11,213.50 |
| 19 | खुर्दा | 13,767.05 | 6,629.87 | 6,629.87 | 8,469.41 | 8,469.41 | 8,469.41 | 13,642.30 | 5,214.66 | 5,214.66 |
| 20 | कोरापुट | 16,985.25 | 13,451.67 | 13,451.67 | 14,580.78 | 13,811.64 | 13,811.64 | 17,299.40 | 12,407.41 | 12,407.41 |
| 21 | मलकानगिरी | 10,408.47 | 7,625.09 | 7,625.09 | 8,302.14 | 8,302.14 | 8,302.14 | 9,123.39 | 8,807.69 | 8,807.69 |
| 22 | मयूरभंज | 27,310.91 | 21,606.73 | 21,606.73 | 21,726.05 | 19,772.24 | 19,772.24 | 23,546.25 | 19,529.38 | 19,529.38 |
| 23 | नवरंगपुर | 16,956.88 | 13,139.78 | 13,139.78 | 14,726.96 | 13,306.78 | 13,306.78 | 17,516.37 | 14,721.50 | 14,721.50 |
| 24 | नयागढ़ | 6,919.74 | 6,383.17 | 6,383.17 | 6,039.46 | 6,030.41 | 6,030.41 | 7,161.68 | 5,346.83 | 5,346.83 |
| 25 | नुआपाड़ा | 9,793.14 | 9,156.83 | 9,156.83 | 9,276.73 | 5,943.36 | 5,943.36 | 11,176.27 | 10,823.61 | 10,823.61 |
| 26 | पुरी | 10,031.55 | 10,031.55 | 10,031.55 | 8,492.96 | 8,492.96 | 8,492.96 | 9,232.54 | 9,232.54 | 9,232.54 |
| 27 | रायगडा | 15,309.85 | 10,850.90 | 10,850.90 | 13,384.28 | 11,918.57 | 11,918.57 | 14,071.26 | 13,458.68 | 13,458.68 |
| 28 | संबलपुर | 11,031.40 | 7,764.87 | 7,764.87 | 8,556.62 | 8,124.43 | 8,124.43 | 10,674.95 | 8,698.40 | 8,698.40 |
| 29 | सोनपुर | 5,983.47 | 3,600.32 | 3,600.32 | 4,862.76 | 4,562.17 | 4,562.17 | 5,912.35 | 5,182.92 | 5,182.92 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 18,343.08 | 16,941.48 | 16,941.48 | 15,528.85 | 15,528.85 | 15,528.85 | 18,440.24 | 13,760.22 | 13,760.22 |
| 31 | कुल | 3,74,615.99 | 3,04,881.21 | 3,04,881.21 | 3,18,206.91 | 2,94,429.66 | 2,94,429.66 | 3,75,021.48 | 2,81,570.86 | 2,81,570.86 |

**स्रोत: ओडिशा राज्य सरकार**

*****